# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला–गरियाबंद (छ.ग.)

Email ID – deogariaband@gmail.com

क्र./स्वा.अ.उ.अ.मा.वि./संविदा भर्ती/विज्ञापन/2025–26/6488 गरियाबंद दिनांक–22/08/2025

//विज्ञापन//

जिला गरियाबंद अंतर्गत संचालित कुल 07 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (गरियाबंद, छुरा, मैनपुर, देवभोग, राजिम, धुरवागुड़ी एवं झाखरपारा) को छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक/23–08/2020/20–03/23 अटल नगर नवा रायपुर दिनांक 03.07.2020 व 25.11.2021 एवं संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक स्वा.आ.अं.मा./2021–22/161 रायपुर दिनांक 10.05.2021, छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के आदेश कमांक एफ 23–08/2020/20–दो/23 अटल नगर नवा रायपुर दिनांक 24.06.2022 छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक/23–08/2020/20–02/1554 अटल नगर नवा रायपुर दिनांक 02.05.2023, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक/23–08/2020/20–02/1556 अटल नगर नवा रायपुर दिनांक 02.05.2023, के तहत विद्यालय संचालन एवं प्रबंधन समिति को सौंपा गया है, जो इस हेतु राज्य शासन के आदेशानुसार विशेष रूप से पंजीकृत की गई है। राज्य शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयो के, संचालन एवं प्रबंधन समिति को विभिन्न पदो के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है तथा शासन द्वारा समय–समय पर दिये गये दिशा निर्देशों के परिपालन में गरियाबंद जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद, छुरा, मैनपुर, देवभोग, राजिम, धुरवागुड़ी एवं झाखरपारा के लिए शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय स्टॉफ के रिक्त पदों पर संविदा आधार पर नियुक्ति किये जाने हेतु योग्यताधारी आवेदकों से गूगल लिंक के माध्यम से संविदा भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक 22/08/2025 से दिनांक 05/09/2025 रात्रि 12:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया जाना हैं। निर्धारित तिथि/समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। विज्ञापन का अवलोकन एवं ऑनलाईन आवेदन हेतु लिंक जिले के वेबसाईट **https://gariaband.gov.in** पर उपलब्ध है। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है–

रिक्त पदों का विवरण

**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद**

| क्र. | पद का नाम | माध्यम | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | योग | संविदा मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 2 | व्याख्याता गणित | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 3 | व्यायाम शिक्षक | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400/– |
| 4 | कम्प्यूटर शिक्षक | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400/– |
| 5 | सहायक शिक्षक (विज्ञान) | अंग्रेजी | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 25300/– |
| 6 | ग्रंथपाल | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 25300/– |
| | कुल योग | | 5 | 0 | 1 | 0 | 6 | – |

**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरा**

| क्र. | पद का नाम | माध्यम | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | योग | संविदा मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता गणित | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 2 | शिक्षक गणित | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400/– |
| 3 | शिक्षक संस्कृत | – | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400/– |
| 4 | सहायक शिक्षक (विज्ञान) | अंग्रेजी | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 25300/– |
| 5 | सहायक शिक्षक (कला) | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 25300/– |
| 6 | ग्रंथपाल | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 25300/– |
| 7 | सहायक ग्रेड–03 | – | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 19500/– |
| | कुल योग– | | 7 | 0 | 1 | 0 | 8 | – |

Scanned with OKEN Scanner

10 11 12 13

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मैनपुर

| क्र. | पद का नाम | माध्यम | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | योग | संविदा मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता गणित | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 2 | व्याख्याता भौतिकी | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 3 | व्याख्याता रसायन | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 4 | व्याख्याता वाणिज्य | अंग्रेजी | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 38100/– |
| 5 | व्याख्याता सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| | कुल योग– | | 4 | 0 | 1 | 0 | 5 | – |

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय देवभोग

| क्र. | पद का नाम | माध्यम | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | योग | संविदा मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता संस्कृत | – | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 2 | व्याख्याता गणित | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 3 | व्याख्याता भौतिकी | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 4 | व्याख्याता वाणिज्य | अंग्रेजी | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 38100/– |
| 5 | सहायक शिक्षक (विज्ञान) | अंग्रेजी | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 | 25300/– |
| 6 | प्रयोगशाला सहायक (रसायन) | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 25300/– |
| 7 | ग्रंथपाल | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 25300/– |
| | कुल योग– | | 6 | 0 | 2 | 1 | 9 | – |

रामबिशाल पाण्डे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजिम(अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु)

| क्र. | पद का नाम | माध्यम | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | योग | संविदा मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 2 | शिक्षक गणित | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400/– |
| 3 | शिक्षक विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400/– |
| 4 | सहायक शिक्षक (विज्ञान) | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 25300/– |
| | कुल योग– | | 4 | 0 | 0 | 0 | 4 | – |

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धुरवागुड़ी (अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु)

| क्र. | पद का नाम | माध्यम | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | योग | संविदा मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता अंग्रेजी | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 2 | व्याख्याता गणित | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 3 | व्याख्याता भौतिकी | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 4 | व्याख्याता रसायन | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 5 | व्याख्याता वाणिज्य | अंग्रेजी | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 6 | व्याख्याता सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 38100/– |
| 7 | शिक्षक गणित | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 8 | शिक्षक विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400/– |
| 9 | शिक्षक सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400/– |
| | | | | | | | | 35400/– |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | शिक्षक अंग्रेजी | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400/– |
| 11 | व्यायाम शिक्षक | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400/– |
| 12 | सहायक शिक्षक (विज्ञान) | अंग्रेजी | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 | 25300/– |
| 13 | सहायक शिक्षक (कला) | अंग्रेजी | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 25300/– |
| | कुल योग– | | 11 | 0 | 3 | 1 | 15 | – |

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय झाखरपारा (अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु)

| क्र. | पद का नाम | माध्यम | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | योग | संविदा मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता गणित | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 2 | व्याख्याता जीवविज्ञान | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 3 | व्याख्याता भौतिकी | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 4 | व्याख्याता रसायन | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 5 | व्याख्याता वाणिज्य | अंग्रेजी | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 38100/– |
| 6 | व्याख्याता सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100/– |
| 7 | शिक्षक गणित | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400/– |
| 8 | शिक्षक विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400/– |
| 9 | शिक्षक सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400/– |
| 10 | शिक्षक अंग्रेजी | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400/– |
| 11 | व्यायाम शिक्षक | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400/– |
| 12 | सहायक शिक्षक (विज्ञान) | अंग्रेजी | 1 | 0 | 1 | 1 | 3 | 25300/– |
| 13 | सहायक शिक्षक (कला) | अंग्रेजी | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 25300/– |
| 14 | ग्रंथपाल | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 25300/– |
| | कुल योग– | | 13 | 0 | 3 | 1 | 17 | – |

न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता/पात्रता की शर्तें :–

व्याख्याता पद हेतु वांछनीय योग्यता।

| क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | अंग्रेजी साहित्य |
| 2 | गणित | गणित/एप्लाईड गणित |
| 3 | संस्कृत | संस्कृत/क्लासिक्स/आचार्य |
| 4 | जीवविज्ञान | वनस्पति शास्त्र/प्राणी शास्त्र/जैविकी/अनुवांशिकी/सूक्ष्म जीव विज्ञान/जैव प्राद्यौगिकी विज्ञान/आण्विक जीव विज्ञान/पादप कार्यिकी तथा स्नातक स्तर में प्राणी शास्त्र अथवा वनस्पति शास्त्र विषय रहा हो |
| 5 | भौतिकी | भौतिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/एप्लाइड भौतिकी/न्यूक्लियर भौतिकी |
| 6 | रसायन | रसायन/ औद्योगिक रसायन शास्त्र |
| 7 | वाणिज्य | वाणिज्य/एकाउन्टेन्सी सहित वाणिज्य/कास्ट एकाउटिंग/फाइनेन्सियल एकाउन्टेन्सी मुख्य विषय के रूप में रहा हो । |
| 8 | सामाजिक विज्ञान | सामाजिक विज्ञान/अर्थशास्त्र/एप्लाईड अर्थशास्त्र/बिजनेस अर्थशास्त्र/राजनीति विज्ञान/लोक प्रशासन/भूगोल/इतिहास/प्राचीन भारतीय इतिहास |

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नाकोत्तर उपाधि (अंग्रेजी माध्यम)
2. बी.एड. उपाधि उत्तीर्ण अनिवार्य ।
3. आवेदक को हाईस्कूल स्तर से सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
4. व्याख्याता संस्कृत के लिये अंग्रेजी माध्यम अनिवार्य नहीं है।

Scanned with OKEN Scanner

शिक्षक (अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, संस्कृत,सामाजिक विज्ञान/कला) पद हेतु वांछनीय योग्यता ।

| क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | स्नातक स्तर पर एक विषय अंग्रेजी साहित्य अनिवार्य । |
| 2 | गणित | गणित के साथ कोई 02 विषय भौतिकी/रसायन/इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्प्यूटर साईस/सांख्यिकी, सैन्य विज्ञान/भू-गर्भविज्ञान अनिवार्य । |
| 3 | संस्कृत | स्नातक स्तर पर एक विषय संस्कृत अनिवार्य । |
| 4 | विज्ञान | रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र, सैन्य-विज्ञान एवं भू-गर्भ विज्ञान में से कोई 02 विषय स्नातक स्तर पर अनिवार्य । |
| 5 | सामाजिक विज्ञान(कला) | इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान में से एक विषय अनिवार्य। |

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में द्वितीय श्रेणी स्नातक उपाधि (अंग्रेजी माध्यम)।
2. बी.एड. उपाधि उत्तीर्ण होना अनिवार्य।
3. शिक्षक कला हेतु वाणिज्य/कृषि संकाय मान्य नहीं।
4. संस्कृत हेतु अंग्रेजी माध्यम होना अनिवार्य नही।
5. टी.ई.टी/सी.टी.ई.टी पूर्व माध्यमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य।
6. आवेदक को हाई स्कूल से सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम में होना अनिवार्य।

**शिक्षक कम्प्यूटर पद हेतु वांछनीय योग्यता-**

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान में निम्नानुसार आवेदित विषय में 50 प्रतिशत अंको के साथ बी.सी.ए./बी. एस.सी.(कम्प्यूटर साइंस)/बी.एस.सी.(इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी)/बी.ई.,बी.टेक.(कम्प्यूटर साइंस)/बी.ई., बी.टेक. (इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी) अंग्रेजी माध्यम में उत्तीर्ण होना अनिवार्य।
2. आवेदक को हाई स्कूल से सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम में होना अनिवार्य ।

**व्यायाम शिक्षक पद हेतु वांछनीय योग्यता-**

1. आवेदक को हाई स्कूल से सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम में होना अनिवार्य ।
2. डी.पी.एड. अथवा बी.पी.एड. अनिवार्य।
3. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होना चाहिए।

**सहायक शिक्षक (विज्ञान) पद हेतु वांछनीय योग्यता**

1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से 50 प्रतिशत अंकों के साथ हायर सेकेण्डरी परीक्षा जीव विज्ञान/गणित संकाय से उतीर्ण एवं डी.एड./डी.एल.एड. परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य।
2. आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल/बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
3. टी.ई.टी./सी.टी.ई.टी. प्राथमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**सहायक शिक्षक (कला) पद हेतु वांछनीय योग्यता -**

1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से 50 प्रतिशत अंकों के साथ हायर सेकेण्डरी परीक्षा कला संकाय से उतीर्ण एवं डी.एड./डी. एल.एड. परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य।
2. आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल/बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
3. टी.ई.टी./सी.टी.ई.टी. प्राथमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
4. सहायक शिक्षक कला हेतु वाणिज्य/कृषि संकाय मान्य नहीं ।

**. प्रयोगशाला सहायक (रसायन) पद हेतु वांछनीय योग्यता**

1. मान्यता प्राप्त बोर्ड/मण्डल में अंग्रेजी माध्यम में जीव विज्ञान/गणित समूह के साथ उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उतीर्ण।
2. मान्यता प्राप्त बोर्ड/मण्डल में अंग्रेजी माध्यम में हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**ग्रंथपाल पद के लिए वांछनीय योग्यता**

1. मान्यता प्राप्त बोर्ड/मण्डल से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उतीर्ण।
2. मान्यता प्राप्त बोर्ड/मण्डल से अंग्रेजी माध्यम में हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
3.पुस्तकालय विज्ञान की डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण पत्र अनिवार्य।

**सहायक ग्रेड-03 पद के लिए वांछनीय योग्यता**

1. मान्यता प्राप्त बोर्ड/मण्डल से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उतीर्ण।
2. मान्यता प्राप्त बोर्ड/मण्डल से अंग्रेजी माध्यम में हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
3. कम्प्यूटर कोर्स की डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण पत्र(न्यूनतम 01 वर्ष) अनिवार्य।

Scanned with OKEN Scanner

## संविदा भर्ती हेतु महत्वपूर्ण निर्देशः–

1. संविदा भर्ती हेतु चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य की जावेगी। नियुक्त अभ्यर्थी पर संविदा भर्ती नियम 2012 एवं समय–समय पर संशोधित समस्त नियम व शर्तें लागू होंगे।

2. उपरोक्त विज्ञापित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में संविदा पद पर नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक/19668/2022 के अंतिम आदेश के अधीन होगी। विज्ञापन के पदों में जिले के सेटअप के अनुसार 100 बिन्दु आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है।

3. अभ्यर्थियों को एक से अधिक पद के लिये पृथक–पृथक लिंक पर जाकर ऑनलाईन आवेदन करना होना।

4 उक्त पद पूर्णतः अस्थाई है। संविदा नियुक्ति की अवधि में नियोक्ता या नियुक्त अभ्यर्थी में से किसी भी पक्ष द्वारा 01 माह पूर्व की सूचना या 01(एक) माह का वेतन जमा करने के पश्चात ही संविदा नियुक्ति सेवा समाप्त की जा सकेगी। नियुक्ति शैक्षणिक सत्र में अधिकतम 11 माह हेतु लागू होगी।

5. यदि छ.ग. शासन के द्वारा उक्त पदों पर सीधी भर्ती से नियमित नियुक्ति की जाती है अथवा पद पूर्ति की जाती है, तो केवल सूचना देकर सेवा समाप्त की जा सकेगी।

6. यदि कोई पद प्रतिनियुक्ति से भर जाता है तो इस पद पर संविदा नियुक्ति नहीं की जायेगी।

7. संविदा नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी प्रकृति की होगी एवं नियुक्त अभ्यर्थी विज्ञापन में उल्लेखित एकमुश्त मानदेय के अतिरिक्त स्थायीकरण, नियमितिकरण, संविलयन पेंशन या कोई अन्य लाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा, न ही इस संबंध में कोई दावा विचारणीय होगा।

8. कार्य संतोषजनक न होने की स्थिति में संबंधित कर्मचारी को समिति द्वारा पदच्युत किये जाने का अधिकार होगा।

9. पात्र अभ्यर्थियों को मेरिटसूची/कौशल परीक्षा/आदि की जानकारी एवं अन्य सूचना समय–समय पर जिले की वेबसाईट **https://gariaband.gov.in** में अपलोड की जावेगी इसके लिए पृथक से पत्र या सूचना नहीं भेजी जावेगी। अतः अभ्यर्थी नियमित रूप से पोर्टल का अवलोकन करते रहें।

10. पदों की संख्या परिवर्तनीय है जिले में पूर्व से संचालित अंग्रेजी माध्यम शालाओं में यदि कोई पद रिक्त होता है तो उस रिक्त पद पूर्ति भी इस विज्ञापन के चयन/प्रतीक्षा सूची से की जावेगी। इसके लिये पृथक से विज्ञापन जारी नहीं की जावेगी।

11. अभ्यर्थी किसी भी पद पर आवेदन के पूर्व अपनी पात्रता एवं आवेदित पद हेतु वांछित न्यूनतम अर्हता का परीक्षण स्वयं कर लेवें त्रुटि पूर्ण आवेदन भ्रामक या गलत जानकारी के आधार पर अभ्यर्थी भर्ती के किसी भी चरण में अपात्र घोषित किया जा सकता है।

12. ऑफलाईन, अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जायेंगे अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

13. अभ्यर्थियों को समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा। सत्यापन के निर्धारित तिथि में मूल दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त समय प्रदान नहीं किया जावेगा।

14. चयनित अभ्यर्थियों को गरियाबंद जिले के अंतर्गत संचालित किसी भी सेजेस विद्यालयों में विज्ञापित पदों के विरूद्व पदस्थ किया जावेगा, स्थान विशेष के लिए दावा स्वीकार नही किया जावेगा।

15. विज्ञापित समस्त पदों हेतु अभ्यर्थियों के शैक्षणिक दस्तावेज विज्ञापन जारी होने के पूर्व तिथि का होना आवश्यक है। प्रोविजनल (अस्थायी) सर्टिफिकेट मान्य नही किये जायेंगे।

16. जिला गरियाबंद के अंतर्गत संचालित सेजेस विद्यालयों में कार्यरत संविदा कर्मियों को समान पद पर आवेदन करने की पात्रता नहीं होगी।

## संविदा भर्ती के लिए पात्रता की शर्ते :–

संविदा भर्ती में अभ्यर्थियों को निम्नलिखित शर्ते पूर्ण करनी होगीः–

1. 01 जनवरी 2025 की स्थिति में आवेदक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष हो।

2 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के आवेदकों को सामान्य प्रशासन विभाग छ.ग. शासन द्वारा आयु सीमा में छूट संबंधी निर्देश लागू होंगे।

3 अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए।

निरर्हताएँः–

1. अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए किन्ही भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को नियुक्तिकर्ता द्वारा चयन के लिए निरर्हित माना जा सकेगा।

2. कोई भी अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्ति नहीं किया जायेगा, जब तक कि उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा में जो कि विहीत की जाए, मानसिक या शारीरिक रूप में स्वास्थ्य तथा किसी मानसिक या शारीरिक दोष जो कि सेवा या पद के कर्तव्य को पूरा करने में बाधा डाल सकता हो, से मुक्त, घोषित न कर दिया जाये। परन्तु अपवादिक मामलों में

Scanned with OKEN Scanner

अभ्यर्थी का उसकी स्वास्थ्य परीक्षा से पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अधीन नियुक्ति दी जा सकेगी, कि यदि वह चिकित्सकीय रूप से अस्वस्थ पाया जाता है, तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी।

3. कोई भी अभ्यर्थी जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध या अन्य अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो. किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा। परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हो तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जायेगा, जब तक उस अपराधिक प्रकरण का न्यायालय द्वारा अंतिम विनिश्चय न कर दिया जाये।

अभ्यर्थी की पात्रता के बारे मे नियुक्तिकर्ता का निर्णय संबंधी :—

1. चयन के लिए अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में नियुक्तिकर्ता का विनिश्चय अंतिम होगा।
2. चयन प्रक्रिया के किसी भी समय पर अथवा नियुक्तिकर्ता को चयन सूची भेजने के बाद भी यदि नियुक्तिकर्ता के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है, अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दरतावेजों में कोई विसंगति पायी गई है तो वह निरर्हित हो जायेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति नियुक्तिकर्ता द्वारा बिना पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।
3. साक्षात्कार में अभ्यर्थी के अनुपस्थित रहने पर चयन हेतु अयोग्य माना जायेगा।

## <u>सत्यापन हेतु आवश्यक दस्तावेज :—</u>

सत्यापन के समय आवश्यक प्रमाण पत्रों के मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है :—

1. समस्त शैक्षणिक एवं व्यावसायिक कोर्स प्रमाण पत्र।
2. जाति, निवास, आयु प्रमाण पत्र (जन्म प्रमाण पत्र या हाई स्कूल अंक सूची)।
3. पहचान प्रमाण पत्र (आधार कार्ड/इपिक कार्ड/ड्रायविंग लायसेंस शासन द्वारा जारी अन्य दस्तावेज)
4. टी.ई.टी./सी.टी.ई.टी. का प्रमाण पत्र (आवश्यकतानुसार)

## <u>संविदा भर्ती चयन प्रक्रिया:—</u>

1. आवेदन एवं चयन प्रक्रिया तथा रिक्त पदों के आरक्षण के संबंध में स्पष्ट किया जाता है, कि जिला गरियाबंद हेतु स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्वीकृत किये गये है, जिनके लिये पृथक—पृथक शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सेट—अप प्रत्येक विद्यालय को पृथक—पृथक ईकाई मानकर स्वीकृत किया गया है। जिस पर नियुक्ति का अधिकार कलेक्टर (पदेन अध्यक्ष) उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की प्रबंधन एवं संचालन समिति जिला—गरियाबंद को है। कक्षा संचालन, चयन प्रक्रिया के सरलीकरण, संसाधन की बचत, अभ्यर्थियों की सुविधा तथा पात्र एवं योग्य अभ्यर्थियों को अधिकाधिक अवसर प्रदान करने की दृष्टि में एकीकृत ऑनलाईन आवेदन लिए जा रहे हैं। अतः जिले के समस्त विद्यालयों हेतु प्रवर्गवार एवं विषयवार एकीकृत मेरिट सूची तैयार कर स्वीकृत कुल पदों का योग करते हुए अधिकतम 05 गुना अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्रों के जाँच/सत्यापन हेतु आहूत किया जावेगा एवं सत्यापन में उपस्थित अभ्यर्थियों की ही मेरिट सूची तैयार की जावेगी। सहायक ग्रेड—03 के लिए दस्तावेज सत्यापन में उपस्थित अभ्यर्थियों को मेरिट क्रम में कौशल परीक्षा में सम्मिलित किया जायेगा ।
2. चयनित अभ्यर्थियो की पदस्थापना मेरिट क्रम में काउन्सिलिंग के द्वारा की जाएगी।
3. अंतिम चयन निम्नांकित तालिका के अनुसार भारांश की गणना कर कुल प्राप्तांक के मेरिट के आधार पर की जायेगी ।
4. अभ्यर्थियों के भारांश प्राप्तांक के कुल भार अंक समान होने की स्थिति में जन्मतिथि के आधार पर वरीयता का निर्धारण किया जावेगा।

| क्र. | पदनाम | भारांश प्राप्तांक(प्रतिशत का) | | | | | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | हाईस्कूल | हायर सेकेण्डरी | स्नातक | स्नातकोत्तर | कौशल परीक्षा | |
| 1 | व्याख्याता | — | 20% | 30% | 50% | — | 100 |
| 2 | शिक्षक | 20% | 30% | 50% | — | — | 100 |
| 3 | शिक्षक कम्प्यूटर | 20% | 30% | 50% | — | — | 100 |
| 4 | व्यायाम शिक्षक | 20% | 30% | 50% | — | — | 100 |
| 5 | सहायक शिक्षक (विज्ञान/कला) | 40% | 60% | — | — | — | 100 |
| 6 | प्रयोगशाला सहायक (भौतिकी/रसायन) | 40% | 60% | — | — | — | 100 |
| 7 | ग्रंथपाल | 40% | 60% | — | — | — | 100 |
| 8 | सहायक ग्रेड—03 | 30% | 50% | — | — | 20% | 100 |

Scanned with OKEN Scanner

ऑनलाईन आवेदन करने के संबंध में आवश्यक निर्देशः–

1. ऑनलाईन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी का Gmail आई.डी. (उदा.–abc@gmail.com) होना अनिवार्य है।
2. Gmail आई.डी. न होने की स्थिति में अभ्यर्थी Google में जाकर Gmail आई.डी. बना लेवें।
3 अभ्यर्थी बेहतर सुविधा के साथ ऑनलाईन फॉर्म भरने के लिए लैपटॉप डेस्कटॉप में Google Chrome Browser का उपयोग करें।
4 ऑनलाईन आवेदन करते समय अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेज अपने साथ रखें।
5 ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी सर्वप्रथम जिले के वेबसाईट **https://gariaband.gov.in** पर जायें।
6 जिले के वेवसाईट में आवेदन फॉर्म भरने के लिए व्याख्याता, शिक्षक, कम्प्यूटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, ग्रंथपाल, सहायक शिक्षक (विज्ञान/कला), प्रयोगशाला सहायक एवं सहायक ग्रेड–03 पृथक–पृथक गूगल लिंक के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जावेगा । लिंक पर क्लिक कर अपना आवेदन फॉर्म ऑनलाईन भर सकते है।
7. अभ्यर्थी वेबसाईट **https://gariaband.gov.in** में दिये गये लिंक पर क्लिक कर अपना आवेदन फॉर्म ऑनलाईन भर सकते हैं।
8. अंतिम तिथि तक प्राप्त समस्त आवेदनों का प्रकाशन कर दावा–आपत्तियाँ आमंत्रित की जायेगी, जिसमें त्रुटियाँ यदि कोई हो तो संशोधन किया जायेगा।
9. चयन प्रक्रिया संबंधित समस्त निर्देश एवं कार्यवाही की सूचना जिला गरियाबंद के बेबसाईट **https://gariaband.gov.in** पर अद्यतन की जावेगी। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन पश्चात् नियमित रुप से वेबसाईट का अवलोकन किया जाना आवश्यक होगा।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव
स्वा.आ.अ.मा./हि.मा.वि. संचालन एवं प्रबंधन समिति
जिला – गरियाबंद (छ.ग.)

क्र./स्वा.अ.उ.अ.मा.वि./संविदा भर्ती/विज्ञापन/2025–26/6488A गरियाबंद दिनांक–22/08/2025

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ।
3. संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर, जिला गरियाबंद छ.ग. को सादर सूचनार्थ।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गरियाबंद छ.ग. को सादर सूचनार्थ।
6. प्रभारी अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद छ.ग. को सूचनार्थ।
7. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, गरियाबंद को सूचनार्थ एवं जिले के अधिकृत वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
8. जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला–गरियाबंद की ओर सूचनार्थ एवं दैनिक स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने हेतु ।
9. सर्व प्राचार्य, सेजेस, जिला–गरियाबंद छ.ग. को सूचनार्थ।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव
स्वा.आ.अ.मा./हि.मा.वि. संचालन एवं प्रबंधन समिति
जिला – गरियाबंद (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner